2021301

विषय : हिन्दी
Subject : Hindi

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 100
[Maximum Marks : 100

निर्देश: *(i)* प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1- खण्ड 'अ', 'ब', 'स' एवं 'द' (चार) खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में पाँच-पाँच वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। अर्थात् कुल 20 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 01 अंक निर्धारित है। (1×20=20)

(iii) प्रश्न क्रमांक 02 से 11 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न में 02 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 20 शब्दों में लिखिए। (2×10=20)

(iv) प्रश्न क्रमांक 12 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न में 03 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए। (3×6=18)

(v) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न में 04 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए। (4×3=12)

(vi) प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 05 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए। (5×4=20)

(vii) प्रश्न क्रमांक 25 निबंध लेखन से सम्बन्धित है। इस पर 10 अंक निर्धारित हैं। निबंध लगभग 250 शब्दों में लिखिए। (10×1=10)

(viii) 04 और उससे अधिक अंक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान है।

प्रश्न-1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए - [1×5=5]

(i) **'प्रभु जी तुम चन्दन हम पानी' पंक्ति कवि की है -**

(अ) कबीरदास

(ब) सूरदास

(स) रैदास

(द) मीरा बाई।

(ii) **हिन्दी गद्य में साहित्यिक रचना पहली बार किस युग में लिखी गई -**

(अ) भारतेन्दु युग

(ब) द्विवेदी युग

(स) शुक्ल युग

(द) शुक्लोत्तर युग।

(iii) **'सार लेखन' में मुख्य रूप से सम्पूर्ण लेख का भाग लिखा जाता है -**

(अ) 1/1

(ब) 1/2

(स) 1/3

(द) 1/4

(iv) **'वह तोड़ती पत्थर' में 'वह' शब्द व्याकरण में कहलाता है -**

(अ) संज्ञा

(ब) सर्वनाम

(स) विशेषण

(द) क्रिया।

(v) **'मैं नीर भरी दुख की बदली' में अलंकार है –**

(अ) उपमा

(ब) रूपक

(स) उत्प्रेक्षा

(द) मानवीकरण।

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – [1×5=5]

(i) 'सरस्वती' पत्रिका ..... युग में प्रकाशित हुई।

(ii) लेखक को खिड़की से सबसे पहले ..... दिखाई दिया।

(iii) 'निराला' जी मुख्यत: ..... वाद के कवि हैं।

(iv) 'कुटज' पाठ के लेखक ..... हैं।

(v) क्रोध ..... भंग करने वाला मनोविकार है।

(स) निम्नलिखित कथन को पढ़कर सम्यक-विचार करते हुए सत्य अथवा असत्य लिखकर उत्तर दें – [1×5=5]

(i) कविता में भाव तत्त्व की प्रधानता नहीं होती।

(ii) रहीम मुगल सम्राट अकबर के नवरत्न थे।

(iii) कवि बिहारी का जन्म ग्वालियर (गोविन्दपुरा) में हुआ था।

(iv) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' व्यंग्य रचना है।

(v) कुमुद के पिता का नाम काले खाँ था।

(द) दिए गए स्तम्भ 'अ' तथा 'ब' के वाक्यांशों (कथनों) को अच्छी तरह विचार कर जोड़ी बनाइए – [1×5=5]

	(अ)	**(ब)**
(i)	चन्दबरदाई	(क) कुरुक्षेत्र
(ii)	रामधारी सिंह ''दिनकर''	(ख) कठपुतली
(iii)	प्रतिवेदन	(ग) पल्लवन
(iv)	''अब पछताए होत का जब चिड़िया चुग गई खेत''	(घ) प्रमाणित
(v)	राजेन्द्र उपाध्याय	(ङ) पृथ्वीराज रासो

प्रश्न–2 ''राम और भरत का प्रेम अद्वितीय था।'' तुलसी के इस कथन को सप्रमाण समझाइए। [2]

प्रश्न–3 लेखक को पेड़ और ठूँठ में क्या अन्तर दिखाई दिया? कोई दो अन्तर लिखिए। [2]

प्रश्न–4 हिन्दी के दो गद्य लेखकों के नाम लिखकर उनकी एक–एक रचना के नाम लिखिए। [1+1=2]

प्रश्न–5 कहानी के प्रमुख चार तत्त्वों के नाम लिखिए। $[\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2]$

प्रश्न–6 कवि ने जगत को तपोवन–सा क्यों कहा है? लिखिए। [2]

प्रश्न–7 छायावाद के कोई चार कवियों के नाम लिखिए। $[\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2]$

प्रश्न–8 शब्द–शक्ति किसे कहते हैं? इसका एक उदाहरण लिखिए। [1+1=2]

प्रश्न–9 पल्लवन किसे कहते हैं? एक उदाहरण दीजिए। [1+1=2]

प्रश्न–10 कवि ने देशवासियों को योगी के स्थान पर विजयी बनने का संदेश क्यों दिया है? [2]

प्रश्न–11 ''विराटा की पद्मिनी'' किस विधा से सम्बंधित पाठ है? उसी विधा की और दो रचनाओं के नाम लिखिए। [1+1=2]

प्रश्न–12 कविता किसे कहते हैं? इसके भावपक्ष एवं कलापक्ष को समझाइए। [1+1+1=3]

प्रश्न–13 **निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए –** [1+1+1=3]

(1) लड़कों की सभा हो रहा था।

(2) अजय यह पुस्तकें पढ़ी।

(3) हम हमारे घर जा रहे हैं।

प्रश्न–14 गोपी कृष्ण से बाँसुरी देने की बात कहकर क्यों मुकर जाती है? [3]

प्रश्न–15 'छायावादी' काव्य की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। [1×3=3]

प्रश्न–16 भक्तिकाल के तीन कवियों के नाम लिखकर उनकी एक–एक रचनाओं के नाम लिखिए। [1+1+1=3]

प्रश्न–17 ''बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।'' आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के इस कथन को समझाइए। [3]

प्रश्न–18 यमक तथा श्लेष अलंकार की परिभाषा लिखकर दोनों के लिए उदाहरण लिखिए। [2×2=4]

प्रश्न–19 **पं. सूर्यकान्त त्रिपाठी *अथवा* महादेवी वर्मा का परिचय निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए –**

(1) जन्म सन् एवं स्थान $[\frac{1}{2}+\frac{1}{2}]$

(2) रचनाएँ (कोई दो) [1]

(3) भावपक्ष एवं कलापक्ष। [2]

प्रश्न–20 **निम्नलिखित में से किसी एक का भाव पल्लवन कीजिए –** [4]

''जहाँ सुमति तहँ सम्पति नाना।''

(अथवा)

''परहित सरिस धरम नहिं भाई।''

प्रश्न-21 निम्नलिखित में से *किसी एक* पद्यांश की निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर व्याख्या कीजिए -

''बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय।

सौंह करैं, भौंहनु हँसै, दैन कहै नटि जाय।।

कहलाने एकत बसत, अहि, मयूर, मृग, बाघ।

जगत तपोवन सौ कियौ, दीरघ-दाघ, निदाघ।।''

(1) पाठ का नाम एवं कवि का नाम। [1]

(2) अहि, मयूर, मृग एवं बाघ का एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए। [1]

(3) व्याख्या कीजिए। [3]

(अथवा)

''एकै संग धाए नँदलाल औ गुलाल दोऊ,

दृगनि गए जु भरि आनंद मढ़ै नहीं।

धोय-धोय हारी, 'पद्माकर' तिहारी सौंह,

अब तौ उपाय एक चित्त में चढ़ै नहीं।

कैसी करौं, कहाँ जाऊँ, कासे कहूँ, कौन सुनै,

कोऊ तो निकासो, जासै दरद बढ़ै नहीं।।''

(1) पाठ का नाम एवं कवि का नाम। [1]

(2) पद्यांश की व्याख्या। [3]

(3) इसमें किस पर्व के प्रसंग की चर्चा है? [1]

प्रश्न-22 निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए - [1+1+3=5]

''क्रोध शांति भंग करने वाला मनोविकार है। एक का क्रोध दूसरे में भी क्रोध का संचार करता है। जिसके प्रति क्रोध प्रदर्शन होता है वह तत्काल अपमान का अनुभव करता है और इस दु:ख पर उसकी त्योरी भी चढ़ जाती है। यह विचार करने वाले बहुत थोड़े निकलते हैं कि हम पर जो क्रोध प्रकट किया जा रहा है, वह उचित है या अनुचित।''

(अथवा)

''मैं किसी से कम नहीं हूँ, यह भाव प्रारम्भ से ही उनमें विद्यमान रहा। सच्चे अर्थों में वह 'कर्मयोगी' रहे। शारीरिक दृष्टि से छोटा नहीं, अप्रत्याशित बाधा होते हुए भी मन कर्म में निरंतर रत रहा और नव-नव प्रकाश विकीर्ण होता रहा।''

प्रश्न-23 ''विराटा की पद्मिनी'' का केन्द्रीय पात्र कौन है? उसकी चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। [5]

(अथवा)

''विराटा की पद्मिनी'' उपन्यास में इतिहास और लोकतत्त्व का समन्वय है। इस कथन का विवेचन कीजिए।

प्रश्न-24 सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल को 10वीं की अंक सूची की द्वितीय प्रति मँगाने का उल्लेख करते हुए एक आवेदन पत्र लिखिए। [1+3+1=5]

(अथवा)

आप अपने मित्र को बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने की खुशी में एक बधाई पत्र लिखिए।

प्रश्न-25 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए -

[2+5+3=10]

(i) मोबाइल वरदान या अभिशाप

(ii) छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल

(iii) स्वच्छता अभियान में मेरा योगदान

(iv) जीवन में खेलों का महत्त्व

(v) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन।

✶✶✶